AIRBUS HARD-SELLING A-340 TO AIR INDIA

3106. SHRI SURESH KALMADI:
SHRI GOVINDRAO ADIK :

Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) whether Government attention has been drawn to the news item published in the Economic Times of the 3rd December, 1993 under the caption "Airbus hard-selling A-340 to Air-India"; and

(b) if so, what is Government's reaction thereto ?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI GHULAM NABI AZAD): (a) Yes, Sir.

(b) Air India has appointed[1] a technical committee to evaluate various types of aircraft including A-340 and identify a suitable type for its fleet.

बिहार में पर्यटन के विकास हेतु धनराशि का आबंटन

3107. श्री ब्रह्मदेव आनन्द पासवान : क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि : (क) आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान पर्यटन के विकास हेतु बिहार को कितनी केन्द्रीय सहायता आबंटित की गई है और 1990-91, 1991-92 तथा 1992-93 के वर्षों के लिए विभिन्न राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों को इसी प्रयोजनार्थ कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृति की गई

(ख) क्या यह सच है कि देश के विभिन्न राज्यों में क्षेत्रफल और जनसंख्या के आधार पर बिहार क्रमश : पहले और दूसरे स्थान पर है ; और

(ग) क्या बिहार को यह धनराशि इसके क्षेत्रफल, जनसंख्या तथा पर्यटन के क्षेत्र में इसके ऐतिहासिक तथा धार्मिक महत्व के आधार पर आबंटित की गई ; यदि हां तो आबंटित धनराशि का ब्यौरा क्या है और यदि यह धन राशि अपर्याप्त है तो इसके क्या कारण हैं ;

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद):— (क) बिहार सरकार को पर्यटन के विकास के लिए आठवीं पंचवर्षीय योजना के प्रथम वर्ष यथा 1992-93 में पांच स्कीमों/परियोजनाओं के लिए केन्द्रीय सहायता प्रदान की गई थी जिनके ब्यौरे निवल 1 में दिए गए है । जहां तक वर्ष 1993-94 का संबंध है बिहार की परियोजना स्कीमों के लिए 149.00 लाख रुपए रखे गए हैं। तथापि राज्य सरकार से पूरे प्रस्ताव अभी प्राप्त नहीं हुए हैं।

वर्ष 1990-91, 1991-92 और 1992-93 में राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को स्वीकृत की गई राशियों के ब्यौरे निवल 2 में दिए गए हैं।

(ख) और (ग) प्रत्येक राज्य सरकार को धन प्रत्येक परियोजना के आधार पर स्वीकृत किया जाता है न कि संबंधित राज्य की जनसंख्या के आधार पर।

विवरण-1

बिहार को दी गई केन्द्रीय सहायता

वर्ष 1992-93

(रुपए लाखों में)

क्रम. सं.	स्कीम का नाम	स्वीकृत राशि
1.	बोधगया में पर्यटक स्वागत केन्द्र	20.55
2.	गया में यात्रिका	15.92
3.	पांच स्थानों में जन सुविधाएं मोहनिया, सासाराम, सुल्तानगंज, देवघर और बासूकीनाथ	12.86
4.	भ्रमण उपकरण की खरीद	2.48
5.	छोटा नागपुर आदिवासी मेला	2.60
	जोड़	54.41

विवरण 2

वर्ष 1990-91, 1991-92 और 1992-93 के दौरान राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को स्वीकृत धनराशि

(लाख रुपयों में)

	1990-91 स्वीकृत राशि	1991-92 स्वीकृत राशि	1992-93 स्वीकृत राशि
1. आन्ध्र प्रदेश	73.47	88.36	9.51
2. अरुणाचल प्रदेश	7.35	24.00	48.27
3. असम	22.67	174.79	78.66
4. बिहार	146.96	150.31	54.41
5. गोआ	—	41.75	42.71
6. गुजरात	98.55	141.58	20.90
7. हरियाणा	293.16	159.01	104.97
8. हिमाचल प्रदेश	80.08	150.96	111.94
9. जम्मू और कश्मीर	90.89	65.25	152.57
10. कर्नाटक	91.11	185.26	176.79
11. केरल	190.19	305.29	114.08
12. मध्य प्रदेश	234.36	285.77	39.07
13. महाराष्ट्र	135.69	313.53	203.18
14. मणिपुर	15.12	—	66.24
15. मेघालय	22.33	92.54	9.77
16. मिजोरम	20.02	62.04	47.70
17. नागालैण्ड	34.54	69.24	7.17
18. उड़ीसा	121.61	214.60	72.37
19. पंजाब	48.13	31.25	135.83
20. राजस्थान	152.16	181.38	153.31
21. सिक्किम	59.71	119.95	49.12
22. तमिलनाडु	145.37	74.04	107.42
23. त्रिपुरा	23.55	77.29	80.28
24. उत्तर प्रदेश	397.87	160.59	97.34
25. पश्चिमी बंगाल	320.15	189.25	94.10
संघ राज्य क्षेत्र			
1. अण्डमान और निकोबार	—	79.35	93.50
2. चंडीगढ़	—	17.11	13.70
3. दादरा और नागर हवेली	3.60	5.52	—
4. दमण और दीव	-	15.75	28.50
5. दिल्ली	20.52	20.22	58.34
6. लक्षद्वीप	9.25	32.26	
7. पांडिचेरी		47.23	
जोड़:	2768.40	3575.51	2271.93